प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 08.06.2026 (सुबह – 0830 बजे)

मुख्य समाचार

1. राज्यसभा चुनाव के लिए आज नामांकन का आखिरी दिन, मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में महागठबंधन विधायक दल की हुई बैठक, दोनों सीट पर जीत का दावा, भाजपा ने भी एनडीए विधायकों की बैठक में बनाई रणनीति।
2. 21 जून को होने वाली नीट–यूजी 2026 की पुनः परीक्षा के लिए केन्द्रों की सूचना जारी ,दोपहर 2 बजे से शाम सवा पांच बजे तक पेन और पेपर मोड में होगी आयोजित।
3. देवघर में श्रावणी मेले से पहले सुरक्षा व्यवस्था कड़ी, नगर थाना पुलिस ने हथियार के साथ पांच अपराधियों को किया गिरफ्तार, वारदात की बना रहे थे योजना।
4. झारखंड में प्री–मानसून गतिविधियां तेज , मौसम विभाग ने 14 जून तक कई जिलों में गर्जन, बारिश, वज्रपात और तेज हवाओं का येलो अलर्ट किया जारी।
5. और बोकारो में राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन  राज्यभर से करीब 200 खिलाड़ी ले रहे हिस्सा.।

*********************

प्रदेश की दो सीटों पर राज्यसभा चुनाव को लेकर नामांकन का आज आखिरी दिन है। अबतक छह लोगों ने नामांकन पत्र खरीदा है। जिसमें झारखंड मुक्ति मोर्चा से बैद्यनाथ राम , कांग्रेस से प्रणव झा और परिमल नथवाणी के साथ गौरव वल्लभ शामिल हैं । अठारह जून को राज्य सभा चुनाव के लिए वोटिंग होगी और उसी दिन परिणाम आएगा।

*********************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में राज्यसभा चुनाव 2026 को लेकर रांची में सत्तारूढ़ गठबंधन के मंत्रियों और विधायकों की महत्वपूर्ण बैठक हुई। इस दौरान चुनावी रणनीति और विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करते हुए गठबंधन के दोनों राज्यसभा उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित करने को लेकर विचार–विमर्श किया गया। मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों से एकजुट होकर चुनाव प्रक्रिया में सक्रिय भूमिका निभाने तथा संगठनात्मक समन्वय मजबूत करने का आह्वान किया। मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने दोनों सीट पर महागठबंधन उम्मीदवार की जीत का दावा किया ।

बैठक के बाद कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने संवाददाताओं से बताचीत में कहा कि पूरा गठबंधन एकजुट है ।

*********************

राज्य सभा चुनाव को लेकर भाजपा ने अबतक अपने प्रत्याशी के नाम की आधिकारिक घोषणा नहीं की है। वहीं कल देर शाम प्रदेश कार्यालय में  एनडीए घटक दलों की बैठक हुई। जिसमें विधायक रागिनी सिंह, पूर्णिमा दास साहू  समेत करीब दस विधायक शामिल हुए।. बैठक में राज्यसभा चुनाव की रणनीतियों पर चर्चा हुई। तय हुआ कि आज  सुबह विधायक नवीन जायसवाल के सरकारी आवास पर विधायकों की चाय पर चर्चा होगी उसके बाद विधायक विधानसभा के लिए रवाना होंगे। संवाददताओं से बातचीत में विधायक रागिनी सिंह ने कहा कि सबकी सहमति से प्रत्याशी का चुनाव होगा ।

*********************

झारखंड में विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत मतदाताओं की मैपिंग का कार्य जारी है । रांची में विशेष शिविर लगाकर  वोटर लिस्ट का एसआईआर किया जा रहा है । बीएलओ ने बताया कि 2003 के वोटर लिस्ट के आधार पर मैपिंग की जा रही है।

*********************

रांची के पंडरा क्षेत्र में अवैध रूप से गर्भवती महिलाओं का अल्ट्रासाउंड करने के आरोप में तीन लोगों को पोर्टेबल अल्ट्रासाउंड मशीन के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। छापेमारी में पीसी– पीएनडीटी एक्ट के उल्लंघन का मामला सामने आया, जिसके बाद आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी गई है। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री के निर्देश पर प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि लिंग निर्धारण और अवैध अल्ट्रासाउंड गतिविधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

*********************

कारगिल युद्ध में शहीद हुए बिहार रेजिमेंट के वीर जवान विद्यानंद सिंह का 27वां शहादत दिवस हजारीबाग के कारगिल प्वाइंट में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया. इस अवसर पर शहीद की वीरता को याद करते हुए उपस्थित लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। महापौर अरविंद कुमार राणा ने बताया कि विद्यानंद सिंह ने 17 हजार फीट की ऊंचाई पर दुश्मन की घेराबंदी को तोड़ते हुए तीन पाकिस्तानी सैनिकों को मार गिराया था. उन्होंने भारतीय सेना के अनुशासन की सराहना की।

*********************

*********************

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने 21 जून को होने वाली नीट–यूजी 2026 की पुनः परीक्षा के लिए केन्द्रों की सूचना जारी कर दी है।

*********************

रांची में विधि–व्यवस्था सुदृढ़ करने को लेकर वरीय पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन के निर्देश पर नवीन पुलिस केंद्र में पीसीआर और हाईवे पेट्रोल कर्मियों की विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपराध नियंत्रण, अवैध अड्डेबाजी और नशे के कारोबार के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई, संवेदनशील स्थलों की निगरानी तथा डायल–112 से प्राप्त सूचनाओं के त्वरित निष्पादन के निर्देश दिए गए।

*********************

देवघर में श्रावणी मेला को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के बीच पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। नगर थाना पुलिस ने एक वाहन से पांच लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से अवैध देसी पिस्टल और जिंदा कारतूस बरामद किया है।

*********************

खूंटी जिले के डूंगरा पंदनटोली बगीचा मैदान में एदेल संगा 22 पड़हा जतरा का भव्य आयोजन हुआ। आदिवासी पारंपरिक वेश भूषा में सामूहिक नृत्य के साथ लोग जतरा का आनंद लेते नजर आए। मौजूद नेताओं ने मंच से एकजुटता और अधिकारों के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया।

*********************

झारखंड में प्री–मानसून गतिविधियां तेज हो गई है। मौसम विभाग ने रांची, हजारीबाग, धनबाद समेत कई जिलों में आज से 14 जून तक गर्जन, बारिश, वज्रपात और तेज हवाओं का येलो अलर्ट किया जारी है।

*********************

झारखंड राज्य कुश्ती संघ और बोकारो जिला कुश्ती संघ द्वारा बोकारो में सीनियर राज्य स्तरीय महिला एवं पुरुष कुश्ती प्रतियोगिता 2026 का भव्य शुभारंभ हुआ। दो दिवसीय प्रतियोगिता में राज्य के विभिन्न जिलों से 220 से अधिक पहलवान, प्रशिक्षक और अधिकारी भाग ले रहे हैं। जिला कुश्ती संघ के अध्यक्ष धर्मवीर सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में फ्रीस्टाइल, ग्रीको रोमन और महिला वर्ग की स्पर्धाओं में 30 स्वर्ण, 30 रजत और 60 कांस्य पदकों के लिए मुकाबले हो रहे हैं।

*********************

<u>और अब अखबारों की सुर्खियां</u>

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने राज्य सभा चुनाव को लेकर बैठकों और मंथन के दौर की खबरों को पहले पन्ने की सुर्खी बनायी है।

प्रभात खबर के शब्द हैं– राज्यसभा चुनाव राजनीतिक सरगर्मी चरम पर, आज नामांकन का आखिरी दिन।

हिन्दुस्तान ने लिखा है– भाजपा ने नहीं दिया प्रत्याशी, पर जीत का दावा।

दैनिक भास्कर ने लिखा है–   झारखंड का दो दिवसीय दौरा पूरा कर दिल्ली लौटे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष।
दैनिक जागरण लिखता है–  एससी– एसटी एक्ट के लंबित मामलों पर पुलिस मुख्यालय सख्त, मिशन मोड में निपटारे का आदेश।

********************